# University in News on 19 May 2022

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि के कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** लविवि की यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हुईं। लविवि परिसर को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पाली नौ से 12 बजे तक बीए प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, बीए पार्ट तीन ओल्ड कोर्स, बीयूएमएस द्वितीय और प्रोफेशनल के फाइनल ईयर की परीक्षाएं हुईं। परीक्षा के लिए 214 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें से 98 प्रतिशत ने परीक्षा दी। वहीं दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक बीएससी व बीए तृतीय वर्ष (मैथमेटिक्स) ओल्ड कोर्स, बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस तृतीय वर्ष, बीएससी मैथमेटिक्स प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, बीकॉम तृतीय वर्ष ओल्ड कोर्स, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा हुई। इसके लिए 1288 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से 91 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### मिट्टी में बनाईं कलाकृतियां

**लखनऊ।** लविवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में बुधवार को अर्थ-वर्क इंस्टालेशन पर कार्यशाला हुई। मूर्तिकला विभाग में आयोजित कार्यशाला में छात्रों ने पृथ्वी पर कैंपस के पास खाली जमीन पर मिट्टी में कलाकृतियों का निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मिट्टी खोदकर उसमें नए आकारों की खोज की। इसमें नारी सश्क्तीकरण, नारी के हाथों में पृथ्वी, मिट्टी से बने ईंट के भट्टों सहित कई आकृतियां बनाई गई हैं। कार्यशाला के समापन पर डॉ. विभावरी सिंह, अमरनाथ गौड़, संजय कुमार, शिवम, अलका, खुशबू, हिमांशु, रितु, दिनेश कुमार, अनुज आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## NBT PAGE 4

### एलयू और महाविद्यालयों में 20 मई से 3 जुलाई तक गर्मियों की छुट्टी



**एनबीटी, लखनऊ:** एलयू और सहयुक्त महाविद्यालयों में 20 मई से तीन जुलाई तक गर्मियों की छुट्टी रहेगी। इस दौरान परीक्षा, मूल्यांकन और दाखिला प्रक्रिया में लगे शिक्षकों को नियमानुसार ही ग्रीष्मावकाश दिया जाएगा। एलयू कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार राय ने बुधवार को इसका निर्देश जारी किया। उन्होंने बताया कि इन डेढ़ महीने की छुट्टियों में एलयू कार्यालय पहले की तरह खुले रहेंगे और परीक्षाएं भी तय तारीखों पर ही होंगी।

## i-NEXT PAGE 4

### कल से ग्रीष्मकालीन अवकाश, चलेंगी परीक्षाएं

शैक्षिक सत्र 2021-22 में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मावकाश रहेगा



lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (18 May):** लखनऊ यूनिवर्सिटी और सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है. शिक्षक संघ लगातार ग्रीष्मावकाश की मांग कर रहा था. इस सम्बंध में लुआक्टा ने वीसी प्रो. आलोक कुमार राय से भी मांग की थी, जिसके बाद बुधवार को ग्रीष्मावकाश की घोषणा की गई. रजिस्ट्रार विनोद सिंह ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिया है. आदेश में कहा गया है कि जो शिक्षक परीक्षाएं, मूल्यांकन एवं प्रवेश प्रक्रिया में कार्य रहे हैं, उनको छोड़कर शेष शिक्षकों के लिए शैक्षिक सत्र 2021-22 में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मावकाश रहेगा. इस अवधि में यूनिवर्सिटी कार्यालय खुले रहेंगे और परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी. परीक्षा सम्बंधी कार्यों में लगे शिक्षकों को नियमानुसार प्रतिकर अवकाश दिया जाएगा.

### बीयूएमएस, यूजी की परीक्षाएं शुरू

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (18 May):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में बुधवार से यूजी लास्ट इयर सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू हो गईं. सुबह की पाली में बीए और बैचलर आफ यूनानी एंड मेडिकल साइंसेज (बीयूएमएस) प्रोफेशनल कोसेज की परीक्षा शुरू हुईं. वहीं, दोपहर में बीएससी-बीए थ्री इयर (मैथमेटिक्स) ओल्ड कोर्स, बीएससी होम साइंस फर्स्ट सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस थ्री इयर सहित कई विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं. परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ब्लाक और कामर्स ब्लाक को केंद्र बनाया गया था. इस दौरान प्राक्टोरियल बोर्ड ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया. मास्क न लगाने वाले स्टूडेंट्स को टोका भी गया. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पालियों में 1502 स्टूडेंट्स शामिल हुए, 118 ने परीक्षा छोड़ दी.

## JAGRAN CITY PAGE I & III

### लवि व कालेजों में 20 से ग्रीष्मकालीन अवकाश

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। लखनऊ विश्वविद्याल सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) और लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) की ओर से इसकी मांग की जा रही थी। बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किए हैं। जो शिक्षक परीक्षा, मूल्यांकन एवं प्रवेश प्रक्रिया में कार्य कर रहे हैं, उनको छोड़कर शेष सभी शिक्षकों के लिए शैक्षिक सत्र 2021-22 में तीन जुलाई तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया है। कुलसचिव ने बताया कि इस अवधि में विश्वविद्यालय के कार्यालय खुले रहेंगे। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। ग्रीष्म अवकाश अवधि में शैक्षणिक एवं परीक्षा संबंधी कार्यों में लगे शिक्षकों को नियमानुसार प्रतिकर अवकाश देय होगा। (जासं)

### लवि : डीन को दी गई वोकेशनल कोर्स पढ़वाने की जिम्मेदारी

- डीन व विभागाध्यक्षों की बैठक में कुलपति ने दिए निर्देश
- नौ वोकेशनल कोर्सों की सूची की गई जारी

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक दूसरे सेमेस्टर में वोकेशनल कोर्स का प्रविधान किया गया है। इसके लिए नौ वोकेशनल कोर्सों की सूची भी जारी की गई है। अब इन कोर्सों को पढ़वाने की जिम्मेदारी संबंधित डीन की होगी। यदि किसी विषय में शिक्षक नहीं हैं तो वह गेस्ट फैकल्टी के रूप में शिक्षक की व्यवस्था कर सकते हैं। बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अधिष्ठाता (डीन) एवं विभागाध्यक्षों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए। इस दौरान उनकी समस्याएं भी सुनीं।

नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम सेमेस्टर में विद्यार्थी को को-करिकुलर और दूसरे सेमेस्टर में वोकेशनल कोर्स के रूप में एक विषय लेना है। कुलपति ने बताया कि वोकेशनल कोर्स को लेकर कुछ विभागों में भ्रम था कि जिसने पेपर बनाया, वही इसे पढ़वाए। यह बिल्कुल गलत है। संबंधित विभाग के डीन से कहा गया है कि वह इसे पढ़वाएं। जहां शिक्षक की जरूरत हो तो सूचित करते हुए नियमानुसार गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था करें। बैठक में रिक्रूटमेंट व प्रमोशन की प्रकिया पर भी बातचीत हुई। कुलपति ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि यदि नियम को लेकर कोई समस्या है तो तुरंत पूछें। पूरी पारदर्शिता रखी जाए।

#### जून में होंगी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाएं

बैठक में स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई। कहा गया कि परीक्षाओं के लिए पेपर समय से बनाए जाएं, जिससे जून में परीक्षाएं कराने की तिथि घोषित की जा सके।

### लवि में बीयूएमएस और स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शुरू

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार से स्नातक अंतिम वर्ष सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू हो गईं। सुबह की पाली में बीए और बैचलर आफ यूनानी एंड मेडिकल साइंसेज (बीयूएमएस) प्रोफेशनल कोर्सों की परीक्षा हुई। वहीं, दोपहर में बीएससी-बीए तृतीय वर्ष (मैथमेटिक्स) ओल्ड कोर्स, बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस तीन वर्षीय सहित कई विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं।

परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ब्लाक और कामर्स ब्लाक को केंद्र बनाया गया था। इस दौरान प्राक्टोरियल बोर्ड ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। मास्क न लगाने वाले विद्यार्थियों को टोका भी गया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पालियों में 1502 परीक्षार्थी शामिल हुए। 118 ने परीक्षा छोड़ दी।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि में पुराने पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक पुराने पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षाएं तथा वैक पेपर व इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं वुधवार से शुरू हो गईं। वार्शिक परीक्षाओं में पहले दिन 118 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन वीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने फंक्शनल अंग्रेजी और एडमिनिस्ट्रेशन (प्रथम प्रश्न पत्र) विषय की परीक्षा प्रातः नौ से 12 वजे की पाली में दी।

वीकॉम प्रथम सेमेस्टर (पुराना पाठ्यक्रम) के छात्रों ने दूसरी पाली में अपराह्न दो से पांच वजे तक फाइनेंशियल अकाउण्टिंग की परीक्षा दी। वीएसएसी प्रथम सेमेस्टर (पुराना पाठ्यक्रम), वीए प्रथम सेमेस्टर (पुराना पाठ्यक्रम) के विद्यार्थियों ने वुधवार को जियोलॉजी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा दी। इसी प्रकार वीएससी तृतीय वर्ष, वीए तृतीय वर्ष (गणित) के विद्यार्थियों की पहले दिन इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्पयूटर साइंस, जेनेटिक्स एण्ड जेनॉमिक्स, जूलॉजी विषय की परीक्षा अपराह्न की पाली में हुई। वीकॉम तृतीय वर्ष पुराने पाठ्यक्रम के छात्रों ने माइक्रो इकोनॉमिक्स विषय की परीक्षा दी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने वताया कि दोनों पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्वक हुईं। पहली पाली में पंजीकृत 214 छात्र-छात्राओं में से पांच ने परीक्षा छोड़ी दी तथा दूसरी पाली में पंजीकृत 1288 में 113 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

**लविवि में ग्रीष्मावकाश कल से, खुले रहेंगे कार्यालय :** लखनऊ विश्वविद्यालय तथा सम्वद्ध डिग्री कॉलेजों में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। शिक्षक संघ लगातार ग्रीष्मावकाश की मांग कर रहे थे। इस सम्वंध में लुआक्टा ने लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से भी मांग की थी, जिसके वाद वुधवार को ग्रीष्मावकाश की घोषणा कर दी गई। लविवि के रजिस्ट्रार विनोद सिंह ने इस सम्वंध में आदेश भी जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि जो शिक्षक परीक्षा, मूल्यांकन एवं प्रवेश प्रक्रिया में कार्य कर रहे हैं, उनको छोड़कर शेष शिक्षकों के लिए शैक्षिक सत्र 2021-22 में 20 मई से तीन जुलाई तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। इस अवधि में विश्वविद्यालय के कार्यालय खुले रहेंगे तथा परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। परीक्षा सम्वंधी कार्यों में लगे शिक्षकों को नियमानुसार प्रतिकर अवकाश दिया जाएगा।

**लविवि में मनाया गया विश्व संग्रहालय दिवस :** लविवि में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में पुरातत्व संग्रहालय में विश्व संग्रहालय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निवन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 34 प्रतिभागियों ने भाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान श्रद्धा यादव (वीए आनर्स, सेमेस्टर चतुर्थ), द्वितीय स्थान सचिन कुमार पाल (वीए, सेमेस्टर चतुर्थ) तथा तीन सांत्वना पुरस्कार क्रमशः अरिंदम चतुर्वेदी (वीए सेमेस्टर द्वितीय), वंशिका (वीए आनर्स, सेमेस्टर षष्ठ) व इति पाण्डेय (वीए सेमेस्टर षष्ठ) को मिला।


## FIRST INDIA PAGE 13

### Celebrating World Museum Day

CITY FIRST

World Museum Day was celebrated at the Archaeological Museum of Ancient Indian History and Archaeology Department, Lucknow University on Wednesday. On this occasion, an essay competition was organized under the first phase from 11.00 am to 12.00 noon in which a total of 34 participants participated.

The second phase began at 2:30 pm with the felicitation of Prof Prem Suman Sharma, Dean of Arts, and the chief guest by Prof Mamta Mishra. Following the felicitation, the principal guest encouraged the competing pupils and later presented the participants with prizes and certificates. At the end of the event, the head of the department, together with Prof Anil Kumar, who discussed the museum's use, underlined the relevance of the museum over bookish knowledge.



Prof Anil Kumar, Prof Mamta Mishra, Prof Prem Suman Sharma along with other faculty members and participants



During the museum tour